एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

शकुंतला देवी की बायोपिक में विद्या बालन की बेटी के रोल में दिखेंगी सान्या मल्होत्रा

सान्या मल्होत्रा ने हमेशा अपने ऐक्टिंग टैलंट से ऑडियंस को इम्प्रेस किया है। भले ही उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में अभी लंबा वक्त न हुआ हो, फिर भी उन्होंने पटाखा और बधाई हो जैसी फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। जहां ऐक्ट्रेस के फॉलोअर्स उनकी अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे, वहीं अब उनके फैंस के लिए एक अच्छी खबर आई है। सान्या ने आने वाली फिल्म शकुंतला देवी ह्यूमन कम्प्यूटर की कास्ट को जॉइन किया है। सान्या फिल्म में विद्या बालन की बेटी के रोल में नजर आएंगी। उन्होंने विद्या के साथ स्क्रीन शेयर करने की खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं शकुंतला देवी बेटी अनुपमा बनर्जी का रोल निभाने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। बधाई हो ऐक्ट्रेस ने आगे कहा, सभी को मैथ्स की जीनियस शकुंतला देवी के बारे में मालूम है। मैं मां-बेटी की इस जोड़ी को स्क्रीन पर लाने और साथ में विद्या बालन के संग काम करने को लेकर काफी रोमांचित हूं। डायरेक्टर अनु ने सान्या के फिल्म में कैरक्टर पर बात करते हुए कहा कि उन्हें इस रोल के लिए सान्या से बेहतर कोई नहीं लगा। सान्या ने सहज रूप से कैरक्टर और उसकी जर्नी को समझा है। अनु को लगता है कि दर्शकों को सान्या और विद्या बालन के कैरक्टर से प्यार हो जाएगा। बता दें, हाल ही में विद्या ने सोशल मीडिया पर फिल्म का 32 सेकंड का एक टीजर शेयर किया था। इसे उनके फैंस ने काफी पसंद किया था।

जोनिता गांधी लाईं नया गाना हमराही

ड्रीम गर्ल फिल्म के गाने दिल का टेलीफोन के लिए तारीफें बटोर रहीं गायिका जोनिता गांधी अपने नए गाने हमराही के साथ वापस आई हैं। इसे सागर ने लिखा है, जबकि अर्जुन हरजाई जोनिता के सह-गायक और संगीतकार हैं। अर्जुन के साथ गाने को लेकर जोनिता ने कहा, कई सालों से मैं और अर्जुन एक साथ स्वतंत्र रूप से गाने को लाने का प्रयास कर रहे थे और मुझे खुशी है कि हमराही के साथ यह करने में हम कामयाब रहे। यह न ही लव और न ही पार्टी सॉन्ग हैं। यह जीवन की यात्रा में खुशी को गाता गीत है। उन्होंने कहा, यह गीत हमारे लिए बेहद खास है और मुझे उम्मीद है जब लोग इसे सुनेंगे तो उन्हें भी यह अच्छा लगेगा।

5 बार कास्टिंग काउच का सामना कर चुकी हुंः सुरवीन चावला

ऐक्ट्रेस सुरवीन चावला ने खुद के साथ हुई कास्टिंग काउच की घटनाओं पर अपनी जुबान खोली है। उन्होंने कहा है कि एक समय था जब कि फिल्मों के डायरेक्टर उनका क्लीवेज देखना चाहते थे जबकि एक अन्य डायरेक्टर ने उनकी जाघें देखने की इच्छा जताई थी। सुरवीन ने अपना ऐक्टिंग करियर टीवी शो कहीं तो होगा से शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने बॉलिवुड के अलावा तेलुगू, कन्नड़, तमिल फिल्मों में भी काम किया है। हेट स्टोरी 2 जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं ऐक्ट्रेस सुरवीन ने बताया कि वह 5 बार कास्टिंग काउच का सामना कर चुकी हैं। इसमें 3 बार साउथ की फिल्म इंडस्ट्री में जबकि 2 बार बॉलिवुड में ऐसी घटनाएं उनके साथ घटीं। उन्होंने बताया कि डायरेक्टर उन्हें क्लीवेज दिखाते हुए देखना चाहते थे। एक अन्य डायरेक्टर ने सुरवीन की जाघें दिखाने के लिए कहा था। सुरवीन ने यह भी कहा कि एक समय था जबकि उन्हें ओवरवेट कहा जाता था। उन्होंने बताया, एक बार मैं एक ऑडिशन देने गई थी और वहां एक व्यक्ति ने मुझसे कहा कि मैं ओवरवेट हूं जबकि मैं केवल 56 किलोग्राम की थी और मुझे लगा कि इस आदमी को चश्मा लगाए जाने की जरूरत है। टीवी में सुरवीन के अनुभव का भी उन्हें कोई फायदा नहीं मिला। उन्होंने कहा, हां, एक समय ऐसा था जबकि लोग कहते थे कि मैं टीवी के कारण ओवरएक्सपोज्ड हो गई हूं। शुरू में मैंने इस प्रड्यूसर्स से छिपाने की कोशिश करती थी और कहती थी कि मैंने केवल 1 साल तक टीवी में काम किया है लेकिन बाद में मैंने सोचा कि आखिर मैं ऐसा क्यों कर रही हूं? क्या किसी टीम के लिए एक ऐसे आदमी को लेना आसान नहीं होगी जिसे पहले से ऐक्टिंग करनी आती हो?